अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्रांगण में दिनांक 14 अगस्त, 2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पौधारोपण शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने पौधा लगाकर इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण व स्वच्छता दोनों एक दूसरे के पूरक हैं हमें प्रकृति से मिली संपदाओं का संरक्षण करना चाहिए, इसके लिए हम में से प्रत्येक को हर साल कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए व उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। पौधे लगाकर ही हम पर्यावरण बचा सकते है। पौधौं से हमें शुद्ध वायु मिलती है और जल संरक्षण होता है। इसके बाद एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। स्वयंसेवकों ने "पर्यावरण के दुश्मन तीन प्लास्टिक, थर्मोकोल व पोलिथीन", "हमारा एक ही संकल्प हो स्वच्छ हमारा देश हो", "स्वच्छता की लहर चली गाँव गाँव गली गली" आदि नारों के साथ मेन बाज़ार होते हुए पंचायत भवन तक रैली निकाली। यह कार्यक्रम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों के सहयोग से संपन्न हुआ।